## खबर संक्षेप

### 10 साल से पुलिस को छका रहा स्थाई वारंटी गिरफ्तार

**शहडोल।** कानून के लंबे हाथों से कोई भी अपराधी बच नहीं सकता, चाहे वह पाताल में ही क्यों न छिप जाए। केशवाही पुलिस और थाना अमलाई की संयुक्त मुस्तैदी ने इसका प्रमाण देते हुए 10 साल से फरार चल रहे शातिर स्थाई वारंटी को दबोच लिया है। पुलिस की इस सर्जिकल स्ट्राइक ने फरार अपराधियों के बीच हडक्रंप मचा दिया है।

**दशक भर का वनवास खत्म, अब जेल की बारी-** आरोपी लवकुश चौधरी पिता लोभई चौधरी, उम्र 30 वर्ष, निवासी ग्राम देवरी पिछले 10 सालों से पुलिस की आंखों में धूल झोंक रहा था। उस पर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी बुढार के प्रकरण क्रमांक 251/16 के तहत धारा 498 ए (दहेज उत्पीडन) का गंभीर मामला दर्ज था। गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था, लेकिन पुलिस की पैनी नजर उस पर जमी हुई थी।

**घेराबंदी कर दबोचा, कोर्ट में पेशी-** मुखबिर की सटीक सूचना मिलते ही थाना प्रभारी बुढार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने जाल बिछाया। जैसे ही आरोपी की मौजूदगी की पुष्टि हुई, टीम ने उसे चारों ओर से घेरकर हिरासत में ले लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को विधिवत माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहाँ से उसे उसके किए की सजा भुगतने के लिए भेज दिया गया है। इस महत्वपूर्ण सफलता में प्रधान आरक्षक राजभान सिंह, आरक्षक गणेश सिंह और आरक्षक प्रशांत कुमार की जांबाज भूमिका रही, जिन्होंने अपनी मुस्तैदी से एक पुराने भगोड़े को सलाखों के पीछे पहुंचाया।

### शहडोल में सेहत का महाकुंभ



**शहडोल।** विंध्य क्षेत्र के चिकित्सा इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा की दूरगामी सोच और रोटरी क्लब के सेवा संकल्प से शहडोल में 13, 14 और 15 मार्च को रोटरी राहत निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का भव्य आयोजन होने जा रहा है। रीवा रोड स्थित शासकीय आईटीआई परिसर में सजने वाले इस सेहत के दरबार का विधिवत शुभारंभ प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल करेंगे। तैयारियां अपने अंतिम चरण में हैं और पूरा शहर इस विशाल आयोजन का साक्षी बनने के लिए बेताब है।

**घर बैठे मिलेगा विश्वस्तरीय इलाज**

यह महज एक शिविर नहीं, बल्कि उन लोगों के लिए उम्मीद की किरण है जो बड़े शहरों के महंगे इलाज का खर्च नहीं उठा सकते। कार्यक्रम संयोजक राजेश गुप्ता के अनुसार इस बार मेदांता (गुरुग्राम), बॉम्बे हॉस्पिटल व लीलावती (मुंबई), मणिपाल (नोएडा) और चिरायु (भोपाल) जैसे देश के प्रतिष्ठित संस्थानों के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर शहडोल की धरती पर मौजूद रहेंगे। जटिल ऑपरेशन से लेकर कैंसर, हृदय रोग और न्यूरो जैसी गंभीर बीमारियों का परामर्श अब आपकी अपनी चौखट पर उपलब्ध होगा।

**ऑपरेशन के लिए जुटेगा जीवनदायी खून**

शिविर में होने वाले जटिल ऑपरेशनों के दौरान रक्त की कमी न हो, इसके लिए 11 मार्च को जिला चिकित्सालय में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है। संयोजक का कहना है कि यह रक्त न केवल शिविर के मरीजों के काम आएगा, बल्कि बच जाने पर सिकलसेल से जूझ रहे मासूमों को नया जीवन देगा।

**डिजिटल जांच और निःशुल्क ऑपरेशन की सौगात**

रोटरी क्लब शहडोल के अध्यक्ष कृष्ण कुमार गुप्ता ने बताया कि शिविर में केवल सलाह नहीं दी जाएगी, बल्कि डिजिटल एक्स-रे, ईसीजी, सोनोग्राफी और इको जैसी अत्याधुनिक जांचें मौके पर ही होंगी। जिन मरीजों को जटिल सर्जरी की जरूरत होगी, उन्हें चिन्हित कर बड़े अस्पतालों में रेफर किया जाएगा, जहां उनका पूरा इलाज पूरी तरह निःशुल्क होगा।

स्वयंसेवकों के लिए खुला ऑफर आयोजन को सुचारू रूप से चलाने के लिए रोटरी क्लब ने शहर के युवाओं और समाजसेवियों का आह्वान किया है। नेक काम में हाथ बंटाने वाले वालेंटियर्स को रोटरी की ओर से विशेष आई-कार्ड जारी किए जाएंगे। ज्ञात हो कि 2016 के शिविर में 31 हजार मरीजों ने लाभ लिया था और 1700 ऑपरेशन सफल हुए थे। इस बार आयोजकों ने उस आंकड़े को पार कर एक नया कीर्तिमान स्थापित करने का लक्ष्य रखा है।

# कैमरे में कैद राम राज के रिश्वतखोर वर्दीधारी

**रूपयों के लिए विनय का जनता पर थर्ड डिग्री फार्मूला** | **अंतिम छोर की जनता से छीन रहे जातिगत हक** | **बीट प्रभारी के माध्यम से नगद व डिजिटल वसूली**

*थाना क्षेत्र की पांचों बीट के प्रभारियों को प्रतिदिन टैक्स के मानिंद वसूली के टारगेट बुढ़ार थाना प्रभारी विनय सिंह दे रहे हैं, इसके लिए प्रभारी किसी भी हद तक जाने से गुरेज नहीं करते। राम राज को कलंकित करते चेतराम नामक प्रधान आरक्षक ने ईंट कारोबारी से नगद और डिजिटल रिश्वत 17 हजार रूपये वसूले, पीड़ित ने पूरे मामले को डिजिटल इंडिया का फायदा उठाते हुए कैमरे में कैद कर लिया।*



## (स्टिंग ऑपरेशन)

### ईंट कारोबारी से विनय के वसूलीबाज ने ली रिश्वत

शहडोल।

जिले में वर्दी की धौंस दिखाकर आमजनों को कानून का भय दिखाकर जबरिया वसूली का सिलसिला चरम पर है, मुखिया के नाम को बदनाम कर थानों में बैठे प्रभारी अपनी जेबें भर रहे हैं। इन सब में बुढ़ार थाना प्रभारी विनय सिंह गहरवार लापरवाही और अवैध वसूली में सबसे आगे खड़े नजर आते हैं। ईंट कारोबारी से रिश्वत लेने के मामले में बीट प्रभारी चेतराम कौशिक ने संटिग ऑपरेशन के दौरान खुद इसकी पुष्टि की और बताया कि प्रतिदिन शाम को साहब को देना होता है, थाना प्रभारी की अवैध वसूली व बीट प्रभारियों को दी गई छूट का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि ग्राम मरजात के प्रजापति नामक ईंट कारोबारी, जिसे भाजपा सरकार ने ईंट निर्माण की छूट दे रखी है, उससे पहले पैसे मांगे, न देने पर धोखे से थाने बुलाया, मोबाइल छुड़ाया, मारपीट की, फिर परिवार में संदेश भेजकर 30 हजार रूपये मांगे, 17 में सौदा तय हुआ, बुढ़ार छोड़ अमलाई थाना क्षेत्र में स्थित आवास पर बुलाया, 7 हजार नगद और 5 हजार फोन-पे में लिए। मौके से प्रधान आरक्षक ने थाने में कॉल कर पीड़ित को तत्काल छोडऩे की मदद कर दी। अगले दिन बाकी के 5 हजार नहीं मिले तो, अमलाई थाना क्षेत्र में पीड़ित को पकडक़र गाली-गलौज कर दी, विनय सिंह का प्यादा यहीं नहीं रूका, फोन पर लगातार धमकी दी और फिर अगली सुबह 3 हजार नगद व 2 हजार रूपये फोन-पे में लिए।



### अवैध कोयले से शुरू हुई वसूली


थाना क्षेत्र अंतर्गत जितने भी ईंट के भट्टे लगे हैं, प्रभारी ने सबसे पहले बीट प्रभारियों के माध्यम से उनकी सूची बनवाई और किसी भी निचले स्तर तक जाकर प्रति ईंट भट्टा 25 से 30 हजार रूपये मंगवाने शुरू किये। कहीं पर सौदा 15 में तो, कहीं 17 से 20 हजार में तय किया गया, आरोप यह थे कि ईंट भ_ों में जो कोयला उपयोग होता है, उसका बिल संचालकों के पास नहीं था, कोयला चोरी का आरोप और तहसील कार्यालय से निर्माण की अनुमति न होना प्रमुख आरोप लगाया गया, 379 से लेकर अन्य धाराओं में फंसाने की धमकी चेतराम कौशिक जैसे बीट प्रभारियों ने खुलकर दी और नहीं माने तो, थाने लाकर दुर्गेश प्रजापति जैसे ईंट भट्टा संचालको से मारपीट तक की गई, मारपीट तब तक की गई, जब तक उन्होंने परिजनों से रूपया मंगाकर नहीं दिया।

### इस तरह किश्तों में ली रिश्वत

26 फरवरी को दुर्गेश ने भाई रवि को फोन किया और 17 हजार रूपये का लेन-देन चेतराम कौशिक ने थाना प्रभारी को देना बताकर तय किया, रवि को अमलाई थाना अंतर्गत स्टोर कालोनी स्थित आवास पर बुलाया, लगभग दोपहर 3 बजकर 30 मिनट से चर्चा शुरू हुई और घर पर 6 हजार 900 रूपये नगद लिये, 5 हजार रूपये बृजेन्द्र सिंह जोधावत के फोन-पे नंबर 8770857729 में 4 बजकर 14 मिनट पर नंबर बताकर डलवाये, जिसके डिजिटल साक्ष्य पीड़ित ने कैद कर लिये। 5 हजार की रकम एक-दो दिन में देने को कहा गया। 28 फरवरी तक पैसा न मिलने पर अमलाई थाना के अमराडंडी बाजार में चेतराम ने दुर्गेश के साथ फिर गाली-गालौज की, 2 मार्च की सुबह 9 बजे से चेतराम ने अपने मोबाइल नंबर 9399157532 से रवि प्रजापति से वसूली के लिए मोबाइल नंबर 7415942919 पर कॉल किया और केन्द्रीय विद्यालय के पास बुलवाया, रवि इस दौरान केवल 3 हजार रूपयों का ही जुगाड़ कर सका, जिसे चेतराम ने सडक़ पर ही स्कूल बस के पास लिए, 2 हजार रूपये दोबारा 9 बजकर 40 मिनट पर व्हॉटस-एप कालिंग कर किसी संजीव जैन के मोबाइल नंबर 8770020576 पर डलवाये।








### खुद खोला प्रभारी का खाता बही

26 फरवरी से शुरू हुई यह कहानी वर्दी के अत्याचार और उसके अवैध वसूली के वर्तमान युग को सामने रखती है, पीड़ित को चेतराम ने 2 मार्च तक दर्जनों कॉल और व्हॉटस-एप कॉल किये, जिसमें उसने खुद बताया कि सिर्फ वही नहीं, अन्य भी प्रभारी के लिए यह काम करते हैं, लगभग पैसा उन्हीं के पास जाता है। अचरज तो इस बात का है कि 26 फरवरी को एक तरफ पीड़ित के भाई ने चेतराम को पैसे दिये, दूसरी तरफ एक कॉल पर उसे थाने से छोड़ दिया गया।

### दर्जनों डिजिटल साक्ष्य, फिर भी ना उम्मीदी

5 दिनों के अंदर हुए दर्जनों कॉल की रिकार्डिंग, व्हॉटस-एप कॉल की वीडियो रिकार्डिंग और थाना प्रभारी विनय सिंह गहरवार के द्वारा करवाई जा रही अवैध वसूली के लेन-देन के वीडियो , ऑडियो पीड़ित के पास इक_े हैं, यहीं नहीं खातों के नंबर, ऑन लाईन ट्रांजेक्शन की डिटेल और सडक़ पर लेन-देन का वीडियो होने के बाद भी पीड़ित डरा-सहमा और न उम्मीद सा है। पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव ने शहडोल पदस्थापना के दौरान जिस राम राज की घोषणा की थी, नवाचार किये थे, उन्हें उन्हीं के मातहत थानों में बैठकर पुलिसिया जूतों से रौंद रहे हैं। दर्जनों डिजिटल साक्ष्य हैं, लेकिन कार्यवाही को लेकर पीड़ित न उम्मीद है, यह अपने आप में बड़ा सवाल है।

### थर्ड डिग्री दिलवाते हैं प्रभारी

प्रधान आरक्षक चेतराम कौशिक ने दुर्गेश प्रजापति के ईंट भट्टे पर जाकर समझ लेने की बात कही, दुर्गेश के खिलाफ पहले भी कोई मामला कायम था और एक मामले में गवाही थी, लेकिन मामला पंजीकृत और विचाराधीन था, माली हालत ठीक न होने तथा इन कारणों से दुर्गेश फोकट में प्रभारी के तथाकथित गुर्गे की सेवा करने से बचता रहा, 26 फरवरी को दुर्गेश पुराने मामले में न्यायालय के पास पहुंचा, इसी दौरान चेतराम उसे थाने ले गया, उससे रूपये मांगे और बुलाया तो क्यों नहीं आया, इस कारण मारपीट की, फोन छीन लिया, कुछ घंटो बाद घर पर फोन करवाया और 30 हजार रूपये मांगे। दुर्गेश के भाई रवि इस दौरान रूपयो की व्यवस्था में लग गये, धमकी दी गई कि नहीं दोगे तो, अन्य गंभीर धाराएं लगाकर जिंदगी जेल में सड़ा देंगे।

## मोहनी हाईस्कूल में नकल कांड पर कड़ा एक्शन

# अतिथि शिक्षक की सेवा समाप्त, प्रभारी प्राचार्य को अल्टीमेटम




हरिभूमि

विराट भूमि

शहडोल में नकल के भरोसे सुधर रहा भविष्य

शहडोल।

जिले की जर्जर शिक्षा व्यवस्था और नकल माफियाओं के गठजोड़ को लेकर हरिभूमि में प्रमुखता से प्रकाशित खबर के बाद विभाग में हडक़ंप मच गया है। जयसिंहनगर के मोहनी हाईस्कूल में चल रहे नकल के खुले तांडव पर संकुल प्राचार्य ने कड़ा रुख अपनाते हुए गुनहगारों पर चाबुक चलाना शुरू कर दिया है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए शर्मनाक वीडियो और मीडिया की सक्रियता के बाद अब जिम्मेदारों की कुर्सी हिलने लगी है।

### नकल परोसने वाले अतिथि शिक्षक पर गिरी गाज

शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जयसिंहनगर के संकुल प्राचार्य ने जारी आदेश में स्पष्ट किया है कि 6 मार्च 2026 को कक्षा 9वीं की हिंदी परीक्षा के दौरान अतिथि शिक्षक वीरेन्द्र पटेल द्वारा खुलेआम बोल-बोलकर सामूहिक नकल कराई जा रही थी। इस घोर कदाचरण और सिविल सेवा आचरण अधिनियम 1965 के उल्लंघन पर संकुल प्राचार्य ने कड़ा प्रहार करते हुए आरोपी अतिथि शिक्षक को तत्काल प्रभाव से पद से पृथक करने का आदेश जारी कर दिया है।

### प्रभारी प्राचार्य को नोटिसः दो दिन में मांगा जवाब

इस पूरे खेल में केवल शिक्षक ही नहीं, बल्कि प्रबंधन की मिलीभगत भी उजागर हुई है। संकुल प्राचार्य ने शासकीय हाईस्कूल माझीटोला (मोहनी) के प्रभारी प्राचार्य अखिलेश कुमार द्विवेदी को कारण बताओ नोटिस जारी कर दो दिन के भीतर लिखित स्पष्टीकरण मांगा है। नोटिस में तीखे शब्दों में पूछा गया है कि आपके विद्यालय में नकल का यह गंदा खेल किसके संरक्षण में चल रहा था? समय सीमा में संतोषजनक जवाब न मिलने पर प्रभारी प्राचार्य के विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए वरिष्ठ कार्यालय को प्रस्ताव भेजने की चेतावनी दी गई है।

### कागजों पर नहीं, अब धरातल पर होगी कार्यवाही

यह कार्यवाही केवल एक शुरुआत है। वायरल वीडियो ने साफ कर दिया था कि कैसे शिक्षा के मंदिर को डिग्री बांटने की फैक्ट्री बना दिया गया था। विभाग के इस एक्शन ने उन अधिकारियों और शिक्षकों को कड़ा संदेश दिया है जो मुख्यालय की नाक के नीचे बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे थे। संकुल प्राचार्य के इस आदेश की प्रतिलिपि संभागीय उपायुक्त, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य और जिला शिक्षा अधिकारी शहडोल को भी भेजी गई है। अब देखना यह होगा कि क्या केवल छोटे प्यादों पर ही गाज गिरेगी या इस नकल के सिंडिकेट में शामिल बड़े मगरमच्छों पर भी शिकंजा कसा जाएगा।

## यातायात पुलिस की मालवाहक 20 गाडियों पर गिरी गाज

शहडोल।

जिले की सडक़ों पर बेखौफ दौड़ रहे मौत के सौदागरों और यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ यातायात पुलिस ने अब आर-पार की जंग छेड़ दी है। मालवाहक वाहनों में इंसानों को भेड़-बकरियों की तरह लादने और ऑटो में क्षमता से अधिक सवारियां बिठाकर जान जोखिम में डालने वालों पर पुलिस का भारी-भरकम हंटर चला है। चेकिंग के दौरान पुलिस ने 20 वाहनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए हडक़ंप मचा दिया।

### लालच के फेर में जान से खिलवाड़

यातायात पुलिस द्वारा चलाए गए इस विशेष अभियान का मुख्य निशाना वे मालवाहक वाहन थे, जो चंद रुपयों के लालच में जोखिमपूर्ण तरीके से सवारियां ढो रहे थे। कार्रवाई के दौरान नियमों को ठेंगे पर रखने वाले वाहन स्वामियों से कुल 37,000 का समन शुल्क वसूला गया। पुलिस की इस आक्रामक कार्रवाई से उन चालकों के पसीने छूट गए जो सडक़ों पर नियम विरुद्ध फर्राटा भर रहे थे।

### एक वाहन जब्त, अब कोर्ट में होगी पेशी

कार्रवाई केवल जुर्माने तक ही सीमित नहीं रही। गंभीर अनियमितता और नियमों के घोर उल्लंघन पाए जाने पर 01 वाहन को मौके पर ही जब्त कर लिया गया है। पुलिस ने साफ कर दिया है कि अब केवल चालान से काम नहीं चलेगा; इस वाहन का मामला सीधे माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है, जहां मालिक को अपनी मनमानी का भारी हर्जाना भुगतना होगा।




### चेतावनीः सुधर जाएं, वरना खैर नहीं!

पुलिस प्रशासन ने दो टूक शब्दों में वाहन चालकों और आम जनता को आगाह किया है कि मालवाहक वाहनों में यात्रा करना सीधा मौत को बुलावा देना है। पुलिस की इस सख्त कार्रवाई ने साफ संदेश दे दिया है कि शहडोल की सडक़ों पर अब मनमानी नहीं, बल्कि सिर्फ कानून का राज चलेगा।

### इनका कहना है...

सडक़ों पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जो चालक निर्धारित क्षमता से अधिक सवारी बिठाएंगे या मालवाहक का उपयोग सवारी ढोने में करेंगे, उनके विरुद्ध भविष्य में और भी कठोर वैधानिक कार्यवाही जारी रहेगी।

**संजय जायसवाल यातायात विभाग, शहडोल**





# आजादी के 78 साल बाद भी अंधेरे में बैगा बस्तियां अफसरों के कागजों पर रोशन हुए गांव

### हकीकत में चिमनी की रोशनी और जहरीले जीवों के साये में जीने को मजबूर ग्रामीण

**शहडोल। एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकसित भारत का संकल्प लेकर अंतिम छोर के व्यक्ति तक योजनाएं पहुंचाने का दम भर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर जिले के ब्यौहारी विधानसभा क्षेत्र में जमीनी हकीकत इन दावों के चीथड़े उड़ा रही है। जयसिंहनगर विकासखंड की ग्राम पंचायत कोठिगढ़ के अंतर्गत आने वाले पतौर और कैमहा जैसे गांव आज भी आदिम युग में जीने को मजबूर हैं। यहां डिजिटल इंडिया की बातें बेमानी हैं, क्योंकि इन बस्तियों ने आज तक बिजली का एक बल्ब तक नहीं देखा है।**

**सांप-बिच्छुओं के साये में कट रही रातें -** कोठिगढ़ के ग्राम पतौर में करीब 70 से 80 बैगा परिवार निवास करते हैं। विडंबना देखिए कि मुख्यालय से चंद दूरी पर होने के बावजूद यहां के आदिवासियों की तकदीर में सिर्फ अंधेरा और कीचड़ लिखा है। बिजली न होने के कारण रात के अंधेरे में जहरीले जीव-जंतुओं का डर बना रहता है, जो कई बार ग्रामीणों की जान ले चुके हैं। नौनिहालों का भविष्य अंधकारमय है क्योंकि चिमनी की रोशनी में उनकी पढ़ाई दम तोड़ रही है। बारिश के दिनों में तो ये गांव टापू बन जाते हैं, जहां पक्की सडक़ के अभाव में एंबुलेंस तो क्या, पैदल चलना भी दूभर है।

**आश्वासन की घुट्टी पिलाकर मुकर गया प्रशासन-** सत्ता के गलियारों में बैठे नुमाइंदों को शर्म आनी चाहिए कि पिछले विधानसभा और लोकसभा चुनावों में इन ग्रामीणों ने बिजली-सडक़ की मांग को लेकर मतदान का बहिष्कार किया था। उस वक्त प्रशासनिक अधिकारियों और स्थानीय सफेदपोशों ने बड़े-बड़े वादे किए, कसमें खाईं और आश्वासन की घुट्टी पिलाकर ग्रामीणों को मनाया। बमुश्किल 30 प्रतिशत वोटिंग हुई, लेकिन चुनाव जीतते ही नेता और अधिकारी अपने वादे भूल गए। आज भी ग्रामीण उसी अंधेरे में अपनी किस्मत को कोस रहे हैं।

**कागजी घोड़े दौड़ा रहे अफसर -** सरकार विशेष रूप से पिछड़ी जनजातियों के लिए बैगा जनमन जैसी महत्वाकांक्षी योजनाएं चला रही है, लेकिन कोठिगढ़ में इसका जनाजा निकल चुका है। ग्रामीणों का सीधा आरोप है कि प्रशासनिक अधिकारी बंद कमरों में बैठकर फर्जी आंकड़े शासन को भेज रहे हैं। धरातल पर बिजली के खंभे नहीं पहुंचे, पर कागजों पर गांव रोशन हो गए। यह केवल लापरवाही नहीं, बल्कि उन बैगा परिवारों के साथ संवैधानिक धोखाधड़ी है, जो आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं।

**विधायक और प्रशासन से सीधा सवाल-** स्थानीय लोगों ने अब आर-पार की लड़ाई का मन बना लिया है। उन्होंने ब्यौहारी विधायक और जिला प्रशासन से दो टूक मांग की है कि कागजी सर्वे छोडक़र वास्तविक स्थिति देखें। अगर जल्द ही सडक़, बिजली और पानी की व्यवस्था नहीं हुई, तो ग्रामीण उग्र आंदोलन के लिए विवश होंगे।


# तस्करों के चंगुल से छुड़ाए 16 मवेशी, 15 लाख का माल बरामद

शहडोल।

प्रदेश में गौ-वंश और पशु तस्करी के खिलाफ जारी अभियान के बीच ब्यौहारी पुलिस ने बीती रात एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने क्रूरता की सारी हदें पार कर डीसीएम वाहन में ठूस-ठूस कर भरे गए 16 भैंस-पाड़ों को कसाईखानों की भेंट चढऩे से पहले ही बचा लिया। पुलिस ने मौके से चालक को दबोच लिया है, जबकि वाहन समेत करीब 15 लाख रुपये का मशरुका जब्त किया गया है।

### फिल्मी स्टाइल में पीछा कर तस्कर को दबोचा

थाना प्रभारी निरीक्षक जियाउल हक को मुखबिर से सटीक सूचना मिली थी कि जयसिंहनगर की ओर से एक डीसीएम वाहन सीजी 04 एनजेड 2392 अवैध रूप से मवेशियों को लादकर उत्तर प्रदेश के बूचडख़ानों की ओर ले जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने पोड़ी तिराहे पर जाल बिछाया। जैसे ही संदिग्ध वाहन आता दिखा, पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया। लेकिन, खाकी को देखते ही चालक ने रफ्तार बढ़ा दी और मानपुर रोड की ओर भागने लगा। पुलिस ने भी पीछा नहीं छोड़ा। अंततः बेडऱा के पास जंगल का फायदा उठाकर तस्कर ने वाहन खड़ा कर भागने की कोशिश की, लेकिन मुस्तैद पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे धर दबोचा।



### तिरपाल हटाते ही फटी रह गईं आंखें

जब पुलिस ने वाहन का तिरपाल हटाया, तो अंदर का नजारा देख रूह कांप गई। बिना किसी चारे-पानी के 04 भैंस और 12 पाड़ा कुल 16 नग बेहद क्रूरतापूर्ण तरीके से एक-दूसरे के ऊपर लदे हुए थे। पकड़े गए आरोपी अंकित साकेत 38 वर्ष, निवासी सतना ने कबूल किया कि वह यह खेप सतना के वाहन मालिक बिमलेश दाहिया और मझौली (सीधी) के व्यापारी किशन लोनी के इशारे पर ले जा रहा था।

### रडार पर मालिक-व्यापारी

पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए आरोपी चालक, वाहन मालिक और व्यापारी के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम और मोटर व्हीकल एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। जब्त किए गए मवेशियों की कीमत करीब 3 लाख और डीसीएम की कीमत 12 लाख रुपये आंकी गई है। इस पूरी कार्यवाही में थाना प्रभारी जियाउल हक, सउनि. गया प्रसाद, प्रआर. देवेन्द्र कश्यप और आरक्षक राजीव सिंह की भूमिका रही।

### इनका कहना है...

बेजुबानों के साथ क्रूरता करने वाले किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। अवैध परिवहन और तस्करी के नेटवर्क को जड़ से उखाडऩा हमारी प्राथमिकता है।

**जियाउल हक**
**थाना प्रभारी, ब्यौहारी**

**खबर संक्षेप**

### आज से कृषि विज्ञान मेले का आयोजन

उमरिया। कृषि उपज मंडी में कृषि विज्ञान मेले का आयोजन 9 मार्च 2026 से 11 मार्च 2026 तक किया जाना है। यह मेला कृषि उपज मंडी प्रांगण,उमरिया में आयोजित होगा। मेले का शुभारंभ विधायक मानपुर द्वारा किया जाएगा।कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक बांधवगढ़ शिवनारायण सिंह करेंगे। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने सीईओ जिला पंचायत, वनमंडलाधिकारी,मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,उप संचालक कृषि, उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं,कृषि विज्ञान केंद्र , जल संसाधन विभाग,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग,महिला एवं बाल विकास विभाग, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व,मुख्य नगर पालिका अधिकारी,आयुष विभाग, जिला विपणन अधिकारी, शाखा प्रबंधक लीड बैंक, प्रबंधक जिला उद्योग केंद्र, उद्यानिकी विभाग, मत्स्य विभाग,कृषि यंत्री कार्यालय, सचिव कृषि उपज मंडी , मप्र डे ग्रामीण आजीविका मिशन तथा कृषक उत्पादक संगठन समस्त से कहा है कि अपने विभाग,संस्थान से संबंधित स्टॉल लगाकर कृषको को अपने विभाग से संबंधित उन्नत तकनीकी की जानकारी प्रदाय कराना सुनिश्चित करे। उन्होंने जिले के सभी कृषकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कृषि विज्ञान मेले का लाभ उठाएं और आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाकर अपनी आय में वृद्धि करें।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर रानी दुर्गावती भवन उमरिया में कार्यक्रम संपन्न



उमरिया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर फिट इंडिया वुमन सप्ताह अंतर्गत रानी दुर्गावती भवन उमरिया में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सहायक आयुक्त जन जातीय कार्य विभाग पूजा द्विवेदी द्वारा महिलाओं को सम्मानित कर उनके आधिकारों एवं संविधान की जानकारी दी गई। महिला बाल विकास से वन स्टॉप सेंटर की सेन्ट्रल एडमिनस्ट्रेट अनीता चौरसिया द्वारा बालिकाओं की शिक्षा एवं सुरक्षा के विषय एवं टोल फ्री नंबर की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में एनजीओ चेतन वॉइस संस्था से प्रियंका सिंह , नवसृजन विकाश संवाद समिति से अजमत खान, पप्पी सिंह उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रकाश डालते हुए अपने अनुभव साझा किए गए।

### कचरा प्रसंस्करण ईकाईयो के रख रखाव एवं संचालन हेतु चलाया गया अभियान



उमरिया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नौरोजाबाद ने बताया कि शासन के आदेशानुसार प्रदेश के नगरी निकायों में मुख्यमंत्री शहरी स्वच्छता संकल्प अभियान का आयोजन माह फरवरी से अप्रैल 2026 तक किया जाना है जिसका मुख्य उद्देश्य शहरी स्वच्छता और विभिन्न वर्गों को स्वच्छता में सहभागी बनाने एवं व्यवहार परिवर्तन को लक्षित करते हुए विशेष गतिविधियों का संचालन करना है जिसका तृतीय घटक कचरा प्रबंधन जिसका संचालन 12 मार्च 2026 तक किया जाना है । नगर परिषद की स्वछता टीम द्वारा वार्ड क्रमांक 5 स्थित कचरा प्रसंस्करण इकाइयों के रखरखाव एवं संचालन हेतु अभियान चलाया गया ।

### ग्राम पंचायत केल्हौरी में आज से श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन



चचाई। विद्युत नगरी चचाई के ग्राम पंचायत केल्हौरी अंतर्गत राधा कृष्ण गौरी शंकर मंदिर देविनदाई मंदिर परिसर में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा हैं यह आयोजन 9 मार्च से 17 मार्च तक किया जाएगा इस भागवत कथा में नर्मदा पुरम जिले की प्रसिद्ध कथा वाचक अनन्या शर्मा एवं उनकी पूरी टीम द्वारा संगीतमय कथा वाचन किया जाएगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष सम्मन प्रसाद चौरसिया एवं सूरज तनवर उपाध्यक्ष अनुराग चौरसिया एवं पूरी टीम द्वारा विगत एक माह से ग्राम केल्हौरी के आसपास के दर्जनों ग्राम में जाकर स्वयं भागवत कथा का निमंत्रण दे रहे हैं इस भागवत कथा के कार्यक्रम में 9 मार्च को शोभा यात्रा कलश यात्रा, 10 मार्च को महात्मा परीक्षित कथा, 11 मार्च को बराह अवतार, कर्दम ध्रुव सती चरित्र, 12 मार्च को भरत प्रहलाद चरित्र समुद्र मंथन, 13 मार्च को वामन अवतार श्री रामकृष्ण जन्मोत्सव, 14 मार्च को बाल लीला एवं उत्सव गोवर्धन पूजा है।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर ग्राम पंचायतों में किया गया ग्राम सभाओं का आयोजन





उमरिया।

मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम,1993 की धारा 6, मध्यप्रदेश ग्राम सभा (सम्मिलन की प्रक्रिया) नियम, 2001 तथा मध्यप्रदेश पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) नियम, 2022 के प्रावधानों के अनुसार अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च को जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। ग्राम सभाओं के आयोजन के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई थी , जिन्होंने ग्रामीणो के मध्य पहुंचकर ग्रामीणों से रूबरू चर्चा की । मानपुर विकासखंड अंतर्गत पलझा, इंदवार, पोडिया, डोंडका, चिल्हारी सहित अन्य ग्राम पंचायतो में ग्राम सभाएं आयोजित की गई। चिल्हारी में आयोजित ग्राम पंचायत में एसडीएम मानपुर हरनीत कौर कलसी ने पहुंचकर ग्रामीणों से रूबरू चर्चा की। समस्त ग्राम पंचायतो में आयोजित ग्राम सभाओ में महिला बाल विकास विभाग अंतर्गत बाल विवाह रोकथाम हेतु शपथ, आंगनबाडी केंद्रो पर दर्ज समस्त गर्भवती महिलाओ एवं धात्री माताओ को टेक होम राशन, आंगनबाडी केंद्र में दर्ज 6 माह से 6 वर्श तक के समस्त बच्चचो को उनकी पात्रतानुसार पूरक पोषण आहार का लाभ दिए जाने हेतु पालको व्दारा आंगनबाडी केंद्र पर नियमित रूप से भेजने तथा स्व सहायता समूहों व्दारा नाशता एवं गर्म पका भोजन की नियमित प्रदायिगी एवं गुणवत्ता पर निगरानी रखने , बच्चो की सहायता हेतु चाईल्ड हेल्पलाइन 1098 के संबंध में जागरूकता, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिरो के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही 12 प्रकार की सेवाओ की जानकारी देने, शत प्रतिशत एनीमिक महिलाओ एवं किशोरियो का उपचार सुनिश्चित किए जाने, व्यक्तिगत स्वच्छता, किशोरावस्था के दौरान विवाह, गर्भाधारण को निरूत्साहित करने पर चर्चा, श्रम विभाग अंतर्गत कार्यबल मे महिला भागीदारी को बढावा देने , संबल के ऑफलाइन मामलो का सत्यापन और बीओसीडब्ल्यू योजना के तहत पंजीकरण, लाभार्थियों का सत्यापन करने,पीएम श्रम योगी मान धन योजना के तहत लाभार्थियो का पंजीकरण करने पर चर्चा की गई। इसी तरह पंचायत एवं गामीण विकास विभाग अंतर्गत मप्र रोजगार गारंटी, पंचायत राज संचालनालय, राज्य स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण,प्रधानमंत्री आवास योजना,मप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के साथ ही वन विभाग,राज्य जैव विविधता बोर्ड सहित अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

### नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार का शक्ति प्रदर्शन

## आज उमरिया में गूंजेगी विपक्ष की दहाड़

उमरिया।

प्रदेश की राजनीति के दिग्गज और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार आगामी 9 मार्च सोमवार को उमरिया की धरती पर कदम रखने जा रहे हैं। सत्ता के गलियारों में हलचल पैदा करने वाले इस दौरे को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने कमर कस ली है। पुराने बस स्टैंड पर आयोजित होने वाला किसान, मजदूर और आदिवासी सम्मेलन न केवल एक कार्यक्रम है, बल्कि वर्तमान सरकार की नीतियों के खिलाफ विपक्ष का एक बड़ा शंखनाद माना जा रहा है।



**दोपहर 12 बजे होगा रणघोष**

जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता मोहम्मद नईम द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, नेता प्रतिपक्ष दोपहर करीब 12 बजे उमरिया पहुंचेंगे। उनके आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। पुराने बस स्टैंड का मैदान उस दिन किसानों की समस्याओं, मजदूरों के हक और आदिवासियों के अस्तित्व की लड़ाई का गवाह बनेगा। सिंघार अपने चिर-परिचित आक्रामक अंदाज में प्रदेश सरकार की विफलताओं पर सीधा प्रहार करेंगे।

**कांग्रेसियों की एकजुटता की परीक्षा**

प्रवक्ता मोहम्मद नईम ने साफ कर दिया है कि यह सम्मेलन कांग्रेस की एकजुटता और ताकत दिखाने का सबसे बड़ा अवसर है। उन्होंने जिले के कोने-कोने से कांग्रेस जनों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से इस महाकुंभ में शामिल होने की अपील की है। यह समय घरों में बैठने का नहीं, बल्कि सडक़ों पर उतरकर जनता की आवाज बनने का है। नेता प्रतिपक्ष का आगमन उमरिया की राजनीति में एक नया अध्याय लिखेगा।

**दिग्गजों का लगेगा जमावड़ा**

इस भव्य सम्मेलन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष समेत ब्लॉक, मंडलम और सेक्टर स्तर के सभी पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। साथ ही, जिले के वरिष्ठ कांग्रेस नेता, पूर्व जनप्रतिनिधि और मोर्चा संगठनों के अध्यक्ष अपनी पूरी ताकत झोंकेंगे। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस सम्मेलन के जरिए कांग्रेस आगामी चुनाव और स्थानीय मुद्दों पर सरकार को घेरने की रणनीति तैयार करेगी।

**मुद्दों पर होगी सीधी बात**

सम्मेलन का मुख्य केंद्र बिंदु जिले के किसान, मजदूर और आदिवासी वर्ग की उपेक्षा है। उमंग सिंघार आदिवासियों के जल-जंगल-जमीन के अधिकार, किसानों को खाद-बीज की किल्लत और मजदूरों के पलायन जैसे ज्वलंत मुद्दों पर सरकार को कटघरे में खड़ा करेंगे।

## समाज के अस्तित्व, उत्थान एवं कल्याण में महिलाओं की अहम भूमिका: एसडीएम

**अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर ग्राम पंचायत चिल्हारी में कार्यक्रम संपन्न**




उमरिया।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वाधान में नवांकुर संस्था जया सेवा समिति द्वारा ग्राम पंचायत चिल्हारी में कार्यक्रम का आयोजन अनुविभागीय अधिकारी मानपुर हरनीत कौर कलसी के मुख्य आतिथ्य मे किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीएम मानपुर ने कहा कि महिलाएं ममता का प्रतीक के साथ ही शक्ति का भी रूप धारण करती हैं। उन्होने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं के संघर्ष,उनके अधिकारों और समाज मे उनके योगदन को सम्मानित करने का महत्वपूर्ण दिन है। समाज के अस्तित्व, उत्थान एवं कल्याण में महिलाओं ने आदिकाल से महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया है। महिलाओं ने हर क्षेत्र में अपने जीत का परचम लहराया है।महिलाएं घर के काम से लेकर प्रशासनिक सेवाओं में पहुंचकर प्रदेश की सेवा कर रही है ।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य सावित्री चौधरी,सरपंच अरुणा कोल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मौजीलाल चौधरी,सचिव शुभदेश श्रीवास्तव,जया सेवा समिति के अध्यक्ष देव प्रकाश गौतम,प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष राजश्री मिश्रा,परामर्शदाता अन्नपूर्णा सोनी, डॉ.सोनी, रुक्मिणी सोनी, आभा तिवारी, रामरानी गुप्ता,मिथला आदि महिलाओं ने सहभागिता दी ।

## पशु तस्कर बल्लू उर्फ अब्दुल को कोतमा पुलिस द्वारा सतना से किया गया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज कोतमा।

कुख्यात पशु तस्कर अब्दुल रहमान उर्फ बल्लू को कोतमा पुलिस ने सतना से दबोचते हुए सलाखों के पीछे भेजा है। बीते 31 जनवरी को घातक हथियार से लैस होकर 22 मवेशियों की तस्करी के मामले में एक माह से फरार बल्लू एवं उसके गैंग के सदस्यों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस लगातार सक्रिय थी। सूचना पर एएसआई सुखीनन्द यादव, दिनेश राठौर, स्वदेश चौहान की टीम सतना जाकर आरोपी को गिरफ्तार किया। 31 जनवरी की रात को ट्रक सीजी 04 एनएक्स 5617 में क्रूरता पूर्वक पशुओं की तस्करी की जा रही थी। गुप्त सूचना के आधार पर थाना प्रभारी रत्नांबर शुक्ल एवं टीम द्वारा कार्यवाही की गई। पूर्व में अंकित द्विवेदी 24 वर्ष सतना एवं उमेश केवट 22 निवासी पुरानी बस्ती कोतमा एवं वाहन मालिक संजय पटेल निवासी सतना को गिरफ्तार किया जा चुका है। मामले में अपराध का पर्याय बन चुके अब्दुल रहमान उर्फ बल्लू, मोहित सिंह सहित 6 फरार चल रहे थे। सभी के खिलाफ पशु परीक्षण अधिनियम की धारा 6 (क), 6 ख (1)10, पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण 1960 की धारा 11, 11(1)(घ) एवं आर्म्स एक्ट 25,27 बीएनएस 61 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

**एक दशक से अपराध में सक्रिय**

थाना प्रभारी रत्नांबर शुक्ल ने बताया कि आरोपी अब्दुल रहमान उर्फ बल्लू 38 वर्ष मूल निवासी उमरपुर थाना बुढ़ाना जिला मुजफ्फरनगर हाल मवेशी बाजार कोतमा में रहता है। पिछले एक दशक से अपराध की दुनिया में सक्रिय है, जिसके खिलाफ कोतमा, अमलाई, रामनगर, बुढार केशवाही सहित अन्य थाने में एक दर्जन से ज्यादा अपराध पंजीबद्ध हैं। पशु तस्करी, आर्म्स एक्ट, गांजा तस्करी सहित अन्य अपराधों में लिप्त रहता है। आरोपी संगठित गैंग बनाकर घातक हथियार से लैस होकर पशुओं की तस्करी करने का आदी है। जिसके खिलाफ जिला दंडाधिकारी के न्यायालय में जिलाबदर की कार्यवाही भी प्रस्तावित है। आरोपी को लेकर कई बार नगर में प्रदर्शन करते हुए बुलडोजर कार्यवाही की मांग भी की गई थी पुलिस के द्वारा मामले में फरार अन्य तस्करों की तलाश भी कर रही है। सूत्रों के अनुसार तस्करों के द्वारा आमाडांड, उरा, टाकी, मलगा, लहसूई, खोडरी को सुरक्षित अड्डा बनाकर रात होते ही तस्करी में सक्रिय हो जाते हैं। पशु तस्करी एवं आर्म्स एक्ट में फरार हिस्ट्रीशीटर अब्दुल रहमान उर्फ बल्लू को गिरफ्तार किया गया है।

## सीएमएचओ की अध्यक्षता में टीकाकरण अभियान एवं योजना निर्माण की समीक्षा बैठक संपन्न



उमरिया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ व्ही.एस.चंदेल की अध्यक्षता में एचपीवी टीकाकरण अभियान की योजना निर्माण एवं समीक्षा बैठक संपन्न हुई।बैठक में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ ऋचा गुप्ता द्वारा एचपीवी टीकाकरण के संबंध में समीक्षा में बताया गया कि यह टीका महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर जैसी बीमारियों की रोकथाम हेतु अभियान को प्रारंभ किया गया है जिसमें 14 वर्ष जन्मदिन मान चुके एवं 15 वर्ष 3 माह तक की समस्त बालिकाओं को टीकाकरण करवाया जाना है जिसके लिए प्रत्येक ग्राम में आशाओं के माध्यम से उक्त उम्र के आधार पर जिला चिकित्सालय उमरिया एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानपुर पाली एवं चंदिया में किया जा रहा है । प्लानिंग के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा टीकाकरण कवरेज को बढ़ाने हेतु दो नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौरोजाबाद एवं अमरपुर में भी एचपीवी टीकाकरण सत्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए जिससे कि अधिक से अधिक किशोरी बालिकाओं को इस टीका का लाभ प्राप्त हो सके । उन्होंने जनमानस से अपील की है कि एचपीवी का टीका 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी किशोरी एवं 15 वर्ष 3 माह तक के उम्र के सभी किशोरियों को यह टीका लगवाएं। उन्होंने बताया कि राज्य शासन के निर्देश अनुसार यह अभियान प्रथम चरण में माह मार्च अप्रैल एवं मई तीन माह तक संचालित किया जाएगा अभियान को सफल बनाने हेतु सहयोग प्रदान करेंगे जिससे बालिकाओं को भविष्य में सर्वाइकल कैंसर जैसे घातक बीमारियों से रोकथाम की जा सके। बैठक में समस्त विकासखंड के मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी , विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक, विकासखंड कम्युनिटी मोबिलाइज सेक्टर सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

### बाल विवाह मुक्ति रथ ने दी शहडोल से बाल विवाह के खात्मे के प्रयासों को रफ्तार

### जागरूकता का संदेश देने के लिए जिले के गांवों और कस्बों में घूमा 'बाल विवाह मुक्ति रथ'

हरिभूमि न्यूज कोतमा। भारत सरकार के केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की पहल पर चले 100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान के तहत जिले के गांवों व कस्बों में बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता अभियान चला रहे 'बाल विवाह मुक्ति रथ' की यात्रा के समापन के अवसर पर एक कार्यक्रम में होलिस्टिक एक्शन रिसर्च एण्ड डेवलपमेंट (हार्ड) ने कहा कि हमारे प्रयासों को मिली समर्थन से हम आश्वस्त हैं कि बाल विवाह मुक्त शहडोल और बाल विवाह मुक्त भारत का लक्ष्य हासिल करते के बेहद करीब हैं। होलिस्टिक एक्शन रिसर्च एण्ड डेवलपमेंट (हार्ड) बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए जमीन पर काम कर रहे 250 से भी ज्यादा नागरिक समाज संगठनों के



देश के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फार चिल्ड्रेन का सहयोगी संगठन है। अनूपपुर जिला मुख्यालय से बाल विवाह मुक्ति रथ का शहडोल लोक सभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती हिमान्द्री सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। बाल विवाह मुक्ति रथ ने जिले में भ्रमण किया। यह रथ पंचायत एवं दुरस्थ गांवों तक पहुंचा और बड़ी संख्या में लोगों को बाल विवाह के खिलाफ अभियान से जोड़ा। 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान के साल भर पूरा होने के अवसर पर भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने चार दिसंबर, 2025 को देशव्यापी '100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान' का एलान किया था। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के सहयोगी संगठनों ने इस अभियान की मोर्चे से अगुआई करते हुए देश के 439 जिलों में बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता का संदेश देने के लिए 'बाल विवाह मुक्ति रथ' निकाले। इस रथ ने जिले के तमाम गांवों और कस्बों में घूम-घूम कर लोगों को बाल विवाह के स्वास्थ्य, शिक्षा व आजीविका पर दुष्परिणामों से अवगत कराया और इसके कानूनी पहलुओं की जानकारी देते हुए समझाया कि बाल विवाह दंडनीय अपराध है। होलिस्टिक एक्शन रिसर्च एण्ड डेवलपमेंट (हार्ड) के निदेशक सुशील शर्मा ने बाल विवाह के खिलाफ इस 100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान और इसके तहत निकाले गए 'बाल विवाह मुक्ति रथ' को परिवर्तनकारी बताते हुए कहा, "यह कोई प्रतीकात्मक यात्रा नहीं थी। यह पहियों पर बदलाव का संदेश था जिसे लोगों ने स्वीकार किया और सराहा।

## जुलाई 2024 से बंद पड़ी गैस सोसायटी का संचालन पुनः प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज चचाई।

वर्ष 2026 में अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई के विद्युत गृह में कार्यरत अधिकारियों कर्मचारियों एवं स्थानीय लोगों के लिए खुशखबरी यह रही कि विद्युत गृह के आवासीय परिसर स्थित एमपीईबी गैस सोसायटी, जिसका संचालन जुलाई 2024 से बंद था को नवीन संचालन समिति के पदाधिकारियों के लगभग 18 माह से भी अधिक समय के अनवरत प्रयासों के फलस्वरूप आखिरकार सफलता प्राप्त करते हुए, आज सुबह 11:00 बजे अमरकंटक ताप विद्युत गृह के प्रमुख कार्यपालक निदेशक तनवीर अहमद के द्वारा शुभारम्भ कर, प्रारंभ कर दिया गया। इस अवसर पर विद्युत गृह में पदस्थ अन्य वरिष्ठ अधिकारी अधीक्षण अभियंता हरिराम नरवरिया, जितेंद्र सिंह, रुद्र शरण मिश्र वरिष्ठ रासायनज्ञ, कार्यपालन अभियंता राजेश डेहरिया सहित समिति के समस्त पदाधिकारी सदस्य, विद्युत गृह के कर्मचारीगण, चचाई के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें। साथ ही इस अवसर पर भाजपा जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती रश्मि खरे, श्रीमती ज्योति शर्मा एवं पूर्व मण्डल अध्यक्ष राज कमल गुप्ता की उपस्थिति रही। महिला दिवस के अवसर पर इस शुभारम्भ को नारी शक्ति के आशीर्वाद के रूप में भी देखा जा रहा हैं। मध्य प्रदेश विद्युत कर्मचारी सहकारी उपभोक्ता भंडार मर्यादित चचाई के अध्यक्ष पीएल शर्मा, उपाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार हुमनेकर, श्रीमती सीता सिंह एवं कार्य समिति के सक्रिय सदस्य दिनेश पटेल, प्रशांत शर्मा, जयप्रकाश मरावी द्वारा इस समिति को पुनः संचालन योग्य बनाने में विशेष योगदान प्रदान किया गया। गैस सोसायटी के पुनः संचालन के फलस्वरूप अब चचाई व अन्य निकटवर्ती क्षेत्रों में घरेलू उपभोक्ता के लिए एलपीजी गैस का वितरण दो से तीन दिनों में प्रारंभ हो जाएगा।

**निर्देश के बावजूद सडक़ से नहीं हटाए जा रहे चौपाए**

## आवारा मवेशी बन रहे हादसों का सबब



हरिभूमि न्यूज कोतमा। नगर पालिका परिषद की उदासीनता के कारण वर्तमान में हर चौक-चौराहों पर आवारा मवेशियों का झुंड देखा जा सकता है। ऐसे में ये कई बार सडक़ दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। मवेशियों के अचानक सामने आ जाने के कारण वाहन चालक अपना नियंत्रण खो बैठते हैं और दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। नगर पालिका की कार्रवाई मुनादी कराने तक सिमट कर रह जाती है। शहर की सडक़ों पर आवारा जानवरों का कब्जा होने के पीछे बहुत हद तक पशु मालिक भी जिम्मेदार हैं। मवेशियों से हित साधने के बाद इन्हें सडक़ों पर आवारा घूमने के लिए इस तरह छोड़ दिया जाता है। दुर्घटना में मवेशियों की मौत के बाद वे मुआवजा के लिए जानवरों पर दावा करते हैं। नगर में आवारा पशुओं का जमावड़ा दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। आवारा मवेशियों के नगर की गलियों में विचरण करने के साथ ही यह आपस में लड़ाई करते हैं जिसके कारण कई दुर्घटनाएं भी घटित हो चुकी है नगर के कई महिला एवं पुरुषों के हाथ पैर भी टूट चुके हैं। नगर के आजाद चौक, गांधी चौक, मुखर्जी चौक, निगवानी रोड, केशवाही चौराहा, बनिया टोला, स्टेशन चौक, विकास नगर, रेस्ट हाउस रोड, भालूमाड़ा रोड, कदम टोला जाने वाले सडक़ में जानवरों का जमावड़ा लगा रहता है पूर्व मे इस रास्ते पर भी जानवरों के सामने आ जाने के कारण दुर्घटना घटित हो चुकी है। नगर के साथ ही मुख्य मार्गों पर आवारा मवेशियों का जमावड़ा सुबह से लेकर देर रात तक लगा रहता है। जिससे आवागमन करने वाले राहगीरों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

## खबर संक्षेप

### बालक को पुलिस ने माता पिता से मिलाया

**कटनी।** उमरिया पान पुलिस ने 5 वर्षीय मासूम को महज कुछ घंटों के भीतर सुरक्षित ढूंढकर उसके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार गत दिवस पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम पंचायत महनेर में एक 5 साल का बालक अकेला घूम रहा है और अपना रास्ता भूल गया है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी उप निरीक्षक महेंद्र कुमार जायसवाल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित संज्ञान लिया। डायल 112 की मदद से बच्चे को सुरक्षित थाने लाया गया। पुलिस के अच्छे व्यवहार से बच्चे का डर दूर हुआ और उसने अपने गांव का नाम 'कोठी' बताया। बच्चे से मिली जानकारी के आधार पर उमरिया पान पुलिस ने तत्काल थाना ढीमरखेड़ा के ग्राम कोठी में संपर्क किया। पुलिस की सक्रियता से कुछ ही समय में बच्चे के परिजनों का पता लगा लिया गया। थाने पहुंचे माता-पिता ने जैसे ही अपने बच्चे को देखा, उनकी जान में जान आई। पुलिस ने आवश्यक तस्दीक के बाद मासूम को परिजनों को सौंप दिया।

### ओलम्पियाड परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सम्मान

**विजयराघवगढ़।** जनपद पंचायत क्षेत्र के शासकीय प्राथमिक शाला सलैया बडगैंयां में अध्ययनरत 5 वीं के छात्र वैष्णव मिश्रा को जिला स्तरीय ओलम्पियाड परीक्षा में गणित विषय में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर हरसिमरनप्रीत कौर मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा जिला पंचायत सभागार कटनी में प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सम्मानित शिक्षकों ने ओलम्पियाड परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के अनुभवों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह परीक्षा विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता उनकी तार्किक सोच और संबंधित विषयों की गहरी समझ को विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है जिससे बच्चों की स्पर्धा एवं भावना के साथ आत्मविश्वास बढ़ता है और आगे बढ़ाने का अवसर देता है तथा बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए प्रेरित करती है। छात्र वैष्णव मिश्रा की सफलता पर बी ई ओ ए के कोरी,प्राचार्य सरस्वती मिश्रा,डॉ अनिल मिश्रा,बी आर सी सी एस मरकाम, महेन्द्र मिश्रा,जे पी द्विवेदी, अजय मिश्रा, हरीश दुबे,संदीप मिश्रा,मो नसीम,राजीव तिवारी, वंदना उरमलिया,वर्षा तोमर,अशोक अवस्थी,उमेश प्रताप सिंह, शिरीष दत्त पांडेय,हरकेश भगत,विपिन उरलिया,रीता त्रिपाठी,सीता रानी क्षत्रिय,सोनेलाल कोरी,अरुण ठाकुर सहित अन्य शिक्षकों ने उज्वल भविष्य की कामना की है।

## विद्युत विभाग का सख्त एक्शन: 292 बड़े बकायादारों पर सोमवार से शुरू होगा

# महा-अभियान, कुर्की की तैयारी तेज




**मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार विद्युत विभाग ने राजस्व वसूली के लिए अपना रुख बेहद कड़ा कर लिया है। विभाग ने स्पष्ट संकेत दे दिए हैं कि अब बकायेदारों को कोई रियायत नहीं दी जाएगी।**

बुढार।

शनिवार को एक बड़ी कार्रवाई के तहत आटा चक्की की मोटर कुर्क करने के बाद, अब विभाग सोमवार से 292 चिह्नित बकायेदारों के खिलाफ बड़े पैमाने पर वसूली अभियान छेड़ने जा रहा है।

### मलैया में हुई बड़ी कार्रवाई: आटा चक्की मोटर कुर्क

विद्युत सेवा क्रमांक 1102042872 के उपभोक्ता सुखसेन (निवासी मलैया) के विरुद्ध विभाग ने कड़ी कार्रवाई की है। उक्त उपभोक्ता पर औद्योगिक श्रेणी (आटा/धान चक्की) का मार्च 2023 से कुल 42,209 रुपये का बिल बकाया था। बार-बार सूचना के बावजूद भुगतान न करने पर, मध्य प्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 147 के तहत विभाग ने 7.5 HP की आटा चक्की मोटर को मौके पर ही कुर्क कर लिया।

### रडार पर 292 बकायेदार: तैयार हुई 'ब्लैक लिस्ट'

कनिष्ठ अभियंता विकास गोंडुडे ने बताया कि विभाग अब 'जीरो टॉलरेंस' की नीति पर काम कर रहा है। वसूली की आगामी रणनीति इस प्रकार है:सूची तैयार: क्षेत्र के 292 बड़े बकायेदारों की सूची फाइनल कर ली गई है।चरणबद्ध कार्रवाई: इन सभी के विरुद्ध सोमवार से चरणबद्ध तरीके से कुर्की अभियान चलाया जाएगा।सम्पत्ति जब्ती: बिजली काटने के साथ-साथ अब चल-अचल संपत्ति की जब्ती की कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी।

### अधिकारियों की अपील: "असुविधा से बचें, बिल भरें"

सहायक अभियंता सुभाष सेन एवं कनिष्ठ अभियंता विकास गोदूडे ने संयुक्त रूप से क्षेत्र के उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि वे किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई या कुर्की की अप्रिय स्थिति से बचने के लिए अपने बकाया बिलों का तत्काल भुगतान करें। विभाग ने स्पष्ट किया है कि समय पर बिल जमा न करने की स्थिति में बिना किसी पूर्व सूचना के बिजली काटने और संपत्ति कुर्क करने की प्रक्रिया जारी रहेगी।

## लाइनमेन दिवस पर कर्मचारियों को किया सम्मानित




विद्युत विभाग कटनी वृत में 7 मार्च को 'लाइनमैन दिवस' मनाया गया। आयोजित समारोह में विभाग के 50 लाइनकर्मियों को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं और कर्तव्यनिष्ठा के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान अधीक्षण अभियंता ने लाइन स्टाफ के साथ सीधा संवाद किया। उन्होंने फील्ड पर कार्य के दौरान आने वाली चुनौतियों पर चर्चा करते हुए सुरक्षा मानकों के सख्त पालन पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बिजली लाइनों पर कार्य करते समय सुरक्षा उपकरणों का उपयोग और सावधानी ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता श्री अलीम खान ने अपने कार्यकाल के अनुभव साझा किए। उन्होंने लाइन स्टाफ का उत्साहवर्धन करते हुए बताया कि कैसे विषम परिस्थितियों और विपरीत मौसम में भी धैर्य और तकनीक के साथ सुरक्षित तरीके से कार्य किया जा सकता है।

# केशवाही चौकी से 10 साल से फरार स्थाई वारंटी को धर दबोचा

बुढार।

शहडोल पुलिस को लंबे समय से फरार चल रहे एक अपराधी को पकड़ने में बड़ी सफलता हाथ लगी है।

थाना अमलाई के अंतर्गत ग्राम देवरी निवासी स्थाई वारंटी लवकुश चौधरी, जो पिछले 10 वर्षों से पुलिस की आंखों में धूल झोंक रहा था, अब सलाखों के पीछे है।



### क्या है पूरा मामला?

आरोपी लवकुश चौधरी (पिता लोभई, उम्र 30 वर्ष) के विरुद्ध थाना अमलाई में अपराध क्रमांक 251/16 के तहत धारा 498A (भा.द.वि.) का मामला दर्ज था।

न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, बुढार के न्यायालय से आरोपी के विरुद्ध स्थाई वारंटी जारी किया गया था। आरोपी पिछले एक दशक से अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहा था।

### घेराबंदी कर दबोचा गया

पुलिस अधीक्षक राम जी श्रीवास्तव के निर्देशानुसार फरार अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत, पुलिस टीम को मुख़बिर से मिली सूचना पर सूचना मिलते ही पुलिस ने योजनाबद्ध तरीके से घेराबंदी की और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को विधिवत न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### इनकी रही सराहनीय भूमिका

इस महत्वपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी बुढार विनय सिंह गहरवार के कुशल नेतृत्व में उनकी टीम सदस्यों की मुख्य भूमिका रही:प्रधान आरक्षक राजभान सिंह, आरक्षक गणेश सिंह, आरक्षक प्रशांत कुमार। शहडोल पुलिस की इस मुस्तैदी की क्षेत्र में काफी सराहना की जा रही है।

# तेज रफ्तार बाइक ने मासूम को रौंदा: घर के सामने खेल रही 5 वर्षीय बालिका गंभीर रूप से घायल





शहडोल।

जिले के जयसिंहनगर जनपद अंतर्गत ग्राम जोरा में एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। 5 वर्षीय बालिका अपने घर के सामने खेल रही तभी मासूम बालिका को एक लापरवाह मोटरसाइकिल चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में बालिका गंभीर रूप से घायल हो गई है।

### खेलते समय हुआ हादसा

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम जोरा निवासी मनोज चतुर्वेदी की 5 वर्षीय पुत्री कृतिका दोपहर करीब 12:30 बजे अपने घर के सामने खेल रही थी। इसी दौरान शहडोल की ओर से आ रही मोटरसाइकिल क्रमांक MP 18 ZB 8206 के चालक दुर्गा प्रसाद गुप्ता (निवासी हाल मुकाम सौता,बिजहा) ने वाहन को तेजी और लापरवाही से चलाते हुए मासूम को टक्कर मार दी।

### इलाज के बाद दर्ज हुई शिकायत

टक्कर इतनी भीषण थी कि कृतिका के बाएं पैर और कान में गंभीर चोटें आईं। हादसे के तुरंत बाद परिजन उसे उपचार के लिए रायपुर ले गए। अस्पताल से छुट्टी मिलने और वापस लौटने के बाद, पिता मनोज चतुर्वेदी ने 27 फरवरी को थाने में मामला दर्ज कराया।

### पुलिस की कार्रवाई

ब्यौहारी पुलिस ने पिता की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी बाइक चालक दुर्गा प्रसाद गुप्ता के विरुद्ध:अपराध क्रमांक: 281/26,धाराएं: 125(a) बीएनएस (BNS)के तहत मामला पंजीबद्ध कर लिया है। पुलिस फिलहाल मामले की विस्तृत विवेचना कर रही है।

# फोटो एडिट कर सोशल मीडिया में पोस्ट करने पर युवती ने युवक को सरेराह पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

स्लीमानाबाद थाना क्षेत्र में एक युवती को परेशान करने और सोशल मीडिया पर फोटो एडिट कर पोस्ट करने वाले एक 42 वर्षीय व्यक्ति की बाजार के बीचों-बीच जमकर धुनाई कर दी। घटना का वीडियो शनिवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जानकारी के मुताबिक उमरियापान निवासी आरोपी शाकिर मंसूरी 42 वर्ष पिछले काफी समय से युवती को सोशल मीडिया के माध्यम से परेशान कर रहा था।

आरोपी ने युवती को इंस्टाग्राम पर कई बार फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी थी, जिसे युवती लगातार अस्वीकार करती रही। इसके बाद आरोपी ने युवती की प्रोफाइल से उसकी तस्वीरें चोरी कीं और उन्हें एडिट कर अपनी फोटो के साथ जोड़कर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक तरीके से पोस्ट कर दिया। गुरुवार को जब युवती स्लीमानाबाद बाजार में थी, तभी उसकी नजर आरोपी शाकिर मंसूरी पर पड़ गई। युवती ने तुरंत उसे रोका और विरोध जताया। देखते ही देखते युवती का गुस्सा फूट पड़ा और उसने सरेराह चप्पलों से आरोपी की पिटाई शुरू कर दी।



बीच बाजार हुई इस घटना को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई।

घटना के बाद युवती सीधे स्लीमानाबाद थाने पहुँची और मामले की शिकायत दर्ज कराई। स्लीमानाबाद थाना प्रभारी सुदेश समन ने मीडिया को बताया कि युवती की शिकायत के आधार पर आरोपी शाकिर मंसूरी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पीड़िता ने उस पर लगातार परेशान करने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है और वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अब आरोपी द्वारा सोशल मीडिया पर डाले गए आपत्तिजनक कंटेंट की भी तकनीकी जांच कर रही है।

# किशोरी बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाने जिले में जारी है टीकाकरण अभियान

### जिपं सीईओ ने जिला चिकित्सालय तथा सीएससी जैतहरी पहुंचकर टीकाकरण कार्य का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

जिले को सर्वाइकल कैंसर (बच्चेदानी के मुंह का कैंसर) मुक्त भविष्य की संकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान अंतर्गत कलेक्टर हर्षल पंचोली एवं जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी के दिशा निर्देशानुसार तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अलका तिवारी के मार्गदर्शन में एचपीवी टीकाकरण अभियान का क्रियान्वयन किया जा रहा है। अभियान का शुभारंभ 28 फरवरी 2026 को किया गया था। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी ने एचपीवी टीकाकरण अभियान की प्रगति का जायजा लेने जिला चिकित्सालय अनूपपुर तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतहरी का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारियों से अभियान अंतर्गत टीकाकरण कार्य तथा लक्षित बालिकाओं की संख्या के संबंध में जानकारी ली। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित विशेष सत्रों के माध्यम से अब तक 126 किशोरियों का टीकाकरण किया जा चुका है। उन्होंने निर्देश दिए कि अभियान के तहत गंभीरता से संचालित लक्षित सभी किशोरी बालिकाओं का शत-प्रतिशत टीकाकरण किया जाए। उन्होंने किशोरी बालिकाओं के अभिभावकों के मोबिलाइजेशन के संबंध में निर्देश दिए। अवलोकन के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित रहे। अभियान के अंतर्गत टीकाकरण के लिए निम्नलिखित मापदंड निर्धारित किए गए हैं। आयु सीमा



14 वर्ष पूर्ण कर चुकी एवं 15 वर्ष 3 माह आयु की बालिकाएं। अभियान प्रारंभ होने के 90 दिनों के भीतर 15 वर्ष की होने वाली बालिकाएं भी पात्र मानी जाएंगी। 0.5 मि.ली. की एकल खुराक इंट्रामस्कुलर इंजेक्शन के माध्यम से दी जा रही है। यह टीकाकरण पूर्णतः स्वैच्छिक है तथा इसके लिए अभिभावक की सहमति अनिवार्य है। टीकाकरण की सुविधा जिला चिकित्सालय अनूपपुर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतहरी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेंद्रग्राम, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फुनगा एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिजुरी पर उपलब्ध कराया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अलका तिवारी ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से टीकाकरण के पश्चात प्रत्येक बालिका को 30 मिनट तक चिकित्सकीय अवलोकन में रखा जाता है। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने निर्देश दिए हैं कि जिले की प्रत्येक पात्र किशोरी को इस सुरक्षा चक्र से जोड़ा जाए, क्योंकि यह टीका भविष्य में होने वाले गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर (सर्वाइकल कैंसर) के खतरे को काफी हद तक कम करता है। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी ने विकासखंड स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत मैदानी अमला घर-घर जाकर एवं स्कूलों के माध्यम से अभिभावकों को जागरूक कर रहा है। जिला प्रशासन ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे अपनी बेटियों के स्वस्थ भविष्य के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर इस निःशुल्क टीकाकरण का लाभ अवश्य उठाएं।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नारी शक्ति मैराथन का आयोजन कर सशक्तिकरण का दिया संदेश



### बालिकाओं ने मैराथन में लगाई दौड़, मेडल- स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

बिरसिहपुर पाली उमरिया

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पाली पुलिस ,नगर पालिका परिषद व युवा टीम उमरिया द्वारा नारी शक्ति मैराथन का आयोजन मां बिरासिनी क्रिकेट स्टेडियम पाली में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पाली एसडीओपी शिवचरण बोहित, वार्ड नंबर 12 पार्षद अंजू पटेल, पाली थाना प्रभारी राजेश चंद्र मिश्रा, बिरासनी कंप्यूटर इंस्टिट्यूट संस्थापक पवन सम्भर की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर नारी शक्ति मैराथन का आयोजन किया गया। अतिथियों द्वारा मैराथन को हरी झंडी दिखाई गई। मैराथन के प्रतिभागियों ने हाथों में तिरंगा लेकर लगाई दौड़ दिया महिला सशक्तिकरण का संदेश। कार्यक्रम का संचालन करते हुए महिलाओं के हितार्थ चल रही विभिन्न सरकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला। पार्षद अंजू पटेल व वर्षा गुप्ता ने प्रतिभागियों उत्साह बढ़ाते हुए कहा के आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी उपलब्धियां हासिल कर रही हैं उन्होंने बताया कि इस दिवस का उद्देश्य महिला अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। महिला दिवस सिर्फ एक दिन की सराहना नहीं है। यह पूरे साल महिला अधिकारों और समानता के लिए काम करने का प्रतीक है। पाली थाना प्रभारी राजेश चंद्र मिश्रा व इंस्टिट्यूट संस्थापक पवन सम्भर ने कहा कि नारी शक्ति मैराथन केवल दौड़ नहीं सशक्तिकरण का संदेश है। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य महिलाओं की उपलब्धियों, योगदान को याद कर लोगों तक पहुंचाना, लैंगिक समानता व महिलाओं के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में समाज के बीच जागरूकता बढ़ाना है।टीम संयोजक ने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस प्रतिवर्ष 8 मार्च को विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के प्रति सम्मान, प्रशंसा और प्रेम प्रकट करते हुए, महिलाओं के आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक उपलब्धियों एवं कठिनाइयों की सापेक्षता के उपलक्ष्य में उत्सव के तौर पर मनाया जाता है।महिलाओं का सशक्तिकरण केवल एक सामाजिक आवश्यकता नहीं, बल्कि एक प्रगतिशील समाज की पहचान भी है। इस दौरान प्रधान आरक्षक रेवा शंकर, टीम राहुल सिंह,साक्षी रैदास,शिखा बर्मन ,स्नेहा सिंह, ,नेहा सिंह ,वैष्णवी बर्मन , देवी चौधरी , स्नेहा सिंह , आंचल तिवारी , महक सोनी ,शिवांजलि पटेल,माही पटेल,पलक गुप्ता, रुही गुप्ता,मुस्कान सोनकर, रजनी सिंह,दीपा सिंह,गीता सिंह ,मनीशा सिंह,मीनाक्षी सिंह, व सैकड़ो की संख्या में छात्राएं शामिल हुईं। कार्यक्रम के समापन में सभी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## खबर संक्षेप




### अग्रवाल समाज ने फूलों की होली के साथ मनाया होली मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

नगर के अनीता मंडपम में शनिवार 7 मार्च को अग्रवाल समाज अनूपपुर द्वारा होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के लोगों ने परंपरागत तरीके से फूलों की होली खेलकर आपसी प्रेम सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम में समाज के महिला पुरुष बच्चे और बुजुर्ग बड़ी संख्या में शामिल हुए और पूरे उत्साह व उमंग के साथ एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं कार्यक्रम का शुभारंभ शाम लगभग 5 बजे महाराजा अग्रसेन जी की आरती के साथ किया गया समाज के सभी लोगों ने सामूहिक रूप से आरती कर समाज की सुख-समृद्धि एवं आपसी एकता की कामना की आरती के पश्चात होली मिलन कार्यक्रम की शुरुआत हुई जिसमें फूलों की होली खेलते हुए सभी ने एक दूसरे पर पुष्प वर्षा की। वातावरण में रंग उमंग और भाईचारे की भावना स्पष्ट रूप से देखने को मिली। अग्रवाल समाज के अध्यक्ष जयनारायण अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ सदस्य युवा और महिलाएं उत्साहपूर्वक शामिल हुए। इस अवसर पर पप्पू भैया द्वारा भजन-कीर्तन प्रस्तुत किया गया जिसमें उपस्थित समाजजनों ने भी भावपूर्वक सहभागिता की। भजनों की मधुर धुनों के बीच सभी ने फूलों की होली खेलते हुए एक-दूसरे को गले लगाकर होली की बधाई दी। होली मिलन समारोह की विशेषता यह रही कि समाज के छोटे-बड़े सभी लोगों ने एक-दूसरे के प्रति सम्मान और स्नेह का परिचय दिया। छोटे लोगों ने बड़े-बुजुर्गों के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया वहीं बुजुर्गों ने भी युवाओं और बच्चों को आशीर्वाद देते हुए उन्हें उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस आत्मीय वातावरण ने कार्यक्रम को और भी भावनात्मक और यादगार बना दिया।

### हाईस्कूल हिन्दी विषय की परीक्षा संपन्न


उमरिया। हाईस्कूल हिन्दी विषय की परीक्षा 45 परीक्षा केंद्रो में संपन्न हुई। जिले में हाईस्कूल हिन्दी विषय की परीक्षा में कुल दर्ज 7638 परीक्षार्थियों मे से 7500 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी वहीं 138 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिला शिक्षा अधिकारी आर.एस.मरावी द्वारा परीक्षा केन्द्र शा.उ.मा.वि. उत्कृष्ट उमरिया, शा.उ.मा. वि. कन्या उमरिया, शा.उ.मा.वि. कालरी उमरिया एवं शा.उ.मा.वि. सरसवाही का निरीक्षण किया गया, परीक्षा शांति पूर्वक एवं सुचारू रूप से संचालित होना पायी गयी।

## पेंड्रा रोड-अमरकंटक-डिंडोरी-मंडला-लखनादौन रेल लाइन की मांग तेज

# क्या नर्मदांचल को मिल सकती है नई रेल की सौगात?

**मध्य भारत के आदिवासी और वनांचल क्षेत्रों को रेल नेटवर्क से जोड़ने की मांग अब तेज हो गई है। छत्तीसगढ़ के कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर पेंड्रा रोड से अमरकंटक, डिंडोरी, मंडला, घंसौर और लखनादौन होते हुए श्रीधाम तक नई रेल लाइन के निर्माण की मांग उठाई है।**





हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

नर्मदा अंचल और महाकौशल क्षेत्र के लिए एक बड़ी रेल परियोजना की मांग जोर पकड़ती जा रही है। छत्तीसगढ़ के कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर पेंड्रा रोड से अमरकंटक, डिंडोरी, मंडला, घंसौर और लखनादौन होते हुए श्रीधाम तक नई रेल लाइन के निर्माण का प्रस्ताव रखा है। यह रेल लाइन मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती वन एवं पहाड़ी क्षेत्रों को सीधे रेल नेटवर्क से जोड़ने वाली महत्वपूर्ण परियोजना मानी जा रही है। खास बात यह है कि अमरकंटक नर्मदा नदी का उद्गम स्थल होने के कारण देशभर के श्रद्धालुओं और पर्यटकों का प्रमुख धार्मिक केंद्र है, लेकिन यहां तक रेल सुविधा न होने से लोगों को काफी कठिनाई होती है। यदि यह रेल लाइन बनती है तो नर्मदा अंचल के साथ-साथ महाकौशल क्षेत्र को भी सीधी और मजबूत रेल कनेक्टिविटी मिल सकेगी। इससे पर्यटन, व्यापार और सामाजिक विकास को नई गति मिलने की संभावना जताई जा रही है।

### अमरकंटक को मिल सकती है सीधी रेल सुविधा

यदि प्रस्तावित रेल लाइन को मंजूरी मिलती है तो अमरकंटक जैसे प्रमुख धार्मिक स्थल तक पहुंचना आसान हो जाएगा। अमरकंटक में हर साल हजारों श्रद्धालु और पर्यटक नर्मदा नदी के उद्गम स्थल के दर्शन के लिए पहुंचते हैं, लेकिन रेल सुविधा के अभाव में यहां तक यात्रा करना अभी भी कठिन है। नई रेल लाइन बनने से श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बड़ी राहत मिल सकती है।

### आदिवासी क्षेत्रों को मिलेगा पहली बार बड़ा रेल संपर्क

इस प्रस्तावित रेल मार्ग से डिंडोरी और मंडला जैसे आदिवासी बहुल जिलों को पहली बार बेहतर रेल कनेक्टिविटी मिल सकती है। इन जिलों के कई ग्रामीण और वनांचल क्षेत्र आज भी रेल सुविधा से दूर हैं। नई रेल लाइन बनने से यहां के लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापार के लिए बड़े शहरों तक पहुंच आसान हो सकेगी।

### श्रीधाम से जुड़ेगा पूरा रेल नेटवर्क, पर्यटन और व्यापार को मिलेगा बढ़ावा

प्रस्तावित रेल लाइन आगे लखनादौन और घंसौर होते हुए श्रीधाम तक पहुंच सकती है। इससे यह पूरा मार्ग राष्ट्रीय रेल नेटवर्क से सीधे जुड़ जाएगा। इससे यात्रियों को लंबी दूरी की यात्रा के लिए बेहतर और तेज रेल सुविधा मिल सकेगी। विशेषज्ञों का मानना है कि यह रेल लाइन महाकौशल और नर्मदा घाटी क्षेत्र के लिए आर्थिक विकास का बड़ा आधार बन सकती है। अमरकंटक, मंडला और डिंडोरी जैसे क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। वहीं वनांचल क्षेत्रों के किसानों और व्यापारियों को अपने उत्पाद बड़े बाजारों तक पहुंचाने का बेहतर अवसर मिलेगा।

### अन्य रेल सुविधाओं की भी उठी मांग

विधायक अटल श्रीवास्तव ने पत्र में यात्रियों की सुविधा के लिए कुछ अन्य प्रस्ताव भी दिए हैं। इनमें बिलासपुर से पेंड्रा रोड के बीच नई मेमु ट्रेन चलाने, दुर्ग-अंबिकापुर ट्रेन को नागपुर तक विस्तार देने और बिलासपुर से दिल्ली के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस चलाने की मांग शामिल है। उन्होंने रेल मंत्री से इन प्रस्तावों पर जल्द निर्णय लेने का आग्रह किया है, ताकि क्षेत्र के लोगों को आधुनिक रेल सुविधाओं का लाभ मिल सके।

## सात साल बाद भी अधूरा काम-जनता त्रस्त, जिम्मेदार मौन

# पसान की नल-जल योजना बनी अभिशाप







हरिभूमि न्यूज बदरा/जमुना।

नगर पालिका परिषद पसान में करोड़ों रुपये की लागत से संचालित शहरी नल-जल योजना अब नागरिकों के लिए राहत नहीं बल्कि अभिशाप बन चुकी है। सात वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी योजना अधूरी पड़ी है। हालात यह हैं कि लोगों को पानी तो नहीं मिल रहा, लेकिन टूटी सड़कों, खुले गड्ढों और धूल-कीचड़ की समस्या जरूर झेलनी पड़ रही है। यह योजना प्रारंभ में सेंट्रल इंडिया इंजीनियरिंग, नागपुर को दी गई थी, जिसे आगे पेटी कांट्रैक्ट के रूप में अर्बन डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड, भोपाल को सौंप दिया गया। दोनों एजेंसियों की लापरवाही, अधिकारियों की उदासीनता और कथित मिलीभगत के कारण यह योजना अब भारी अव्यवस्था का शिकार हो गई है।

### सड़कें उखड़ीं, गड्ढों में बदला शहर

नगर के अधिकांश वार्डों में सीसी और बीटी सड़कों को बिना किसी ठोस योजना के जगह-जगह काट दिया गया। कई स्थानों पर पाइपलाइन डालकर कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है। चेंबर बिना ढक्कन के खुले पड़े हैं, पाइपलाइनें जमीन से बाहर दिखाई दे रही हैं और कई नई सड़कें भी जगह-जगह धंस चुकी हैं। स्थिति यह है कि कई मार्ग महीनों से गहरे गड्ढों में तब्दील हैं। वाहन चालकों और पैदल चलने वालों के लिए यह रास्ते बेहद खतरनाक बन चुके हैं। कई लोग इन गड्ढों में गिरकर घायल भी हो चुके हैं, लेकिन जिम्मेदार विभागों की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

### पहली बारिश में बह गया डैम, आज तक नहीं कराई मरम्मत

सबसे गंभीर लापरवाही केवई नदी पर पानी रोकने के लिए बनाए गए डैम के मामले में सामने आई। यह डैम पहली ही बारिश में बह गया, लेकिन आज तक उसकी मरम्मत नहीं कराई गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस डैम के सहारे पूरी पेयजल योजना संचालित होनी थी, वही बह जाने के बाद भी किसी एजेंसी या अधिकारी ने इसकी जिम्मेदारी तय करने की कोशिश नहीं की। डैम आज भी उसी स्थिति में पड़ा हुआ है।

### नागरिकों का फूटा गुस्सा

पसान के वार्डों में रहने वाले लोगों का कहना है कि पूरा कस्बा धूल, कीचड़ और खुदाई से पटी सड़कों में बदल गया है और आने वाले दिनों में स्थिति और खराब हो सकती है। कृष्ण कुमार मिश्रा (वार्ड 8) का कहना है कि सड़कों पर एक-एक फीट गहरे गड्ढे बन गए हैं, जिनमें गिरकर कई लोग अस्पताल तक पहुंच चुके हैं। शांति बाई (वार्ड 16) ने बताया कि छह महीने पहले गड्ढा खोदकर पाइप डाल दिया गया, लेकिन आज तक उसे भरा नहीं गया। न पानी मिलता है और न ही कोई अधिकारी सुनवाई करता है। फूल मती (वार्ड 16) ने बताया कि दीपावली से पहले खोदा गया गड्ढा आज तक नहीं भरा गया, जिसके कारण कई लोग गिरकर घायल हो चुके हैं। शिवकुमार (वार्ड 14) के अनुसार जेसीबी से सड़क उखाड़ दी गई और पुरानी पाइपलाइन भी तोड़ दी गई। अब न सड़क सही है और न ही पानी मिल रहा है। दिलीप (वार्ड 14) का कहना है कि पूरी सड़क बीच से खोद दी गई है। नई पाइपलाइन डाली जरूर गई है, लेकिन आज तक चालू नहीं हुई, जिससे पानी की भीषण समस्या बनी हुई है।

### स्थानीय स्तर पर भ्रष्टाचार के आरोप

स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि पूरे प्रोजेक्ट में भारी अनियमितताएं और भ्रष्टाचार हुआ है। क्षेत्र में पलाश नामक व्यक्ति पर भी स्थानीय स्तर पर कथित रूप से अनियमितताओं को बढ़ावा देने के आरोप लगाए जा रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हो तो कई बड़े खुलासे सामने आ सकते हैं।

### कलेक्टर के निर्देश भी बेअसर

जानकारी के अनुसार पूर्व में जिला कलेक्टर द्वारा इस योजना के कार्यों को तत्काल पूरा करने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी जमीनी स्तर पर स्थिति जस की तस बनी हुई है। न सड़कों की मरम्मत हुई, न गड्ढे भरे गए, न ही डैम का पुनर्निर्माण हुआ और न ही पाइपलाइन से जल आपूर्ति शुरू हो सकी। नगरवासियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए और दोषी एजेंसियों तथा अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि अधूरे और कमजोर गुणवत्ता वाले कार्यों को समयबद्ध रूप से पूरा कराया जा सके।

### इनका कहना है

कार्य पूरी तरह बंद नहीं है। कुछ स्थानों पर काम चल रहा है और कुछ जगहों पर नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा कार्य रुकवाया गया था। उन्होंने बताया कि केवई नदी पर बह चुके डैम का पुनः निर्माण किया जाएगा, लेकिन वर्तमान में नदी में पानी होने के कारण कार्य कर पाना संभव नहीं है।


**विजय सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर**
**एमपीयूडीसी शहडोल**

### शहर में ऐतिहासिक हनुमान जन्मोत्सव मनाने की जोर-शोर से तैयारी शोभायात्रा सहित भंडारे का होगा आयोजन

## 2 अप्रैल को मनाया जाएगा हनुमान जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

श्री शिव मारुति मंदिर (सामतपुर) अनूपपुर में हनुमान जन्मोत्सव की तैयारी तेजी से चल रही है। ज्ञातव्य हो कि इस बार 2 अप्रैल को अनूपपुर शहर के इतिहास में अब तक का सबसे भव्य हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। यह आयोजन शिव मारुति युवा संगठन सामतपुर (अनूपपुर) के नेतृत्व में होगा। इस अवसर पर शहर में भव्य शोभा यात्रा एवं विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा। यह भव्य उत्सव 2 अप्रैल को श्री शिव मारुति मंदिर सामतपुर (अनूपपुर) में बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। इस भव्य आयोजन में जिले के अलावा आस-पास के गांव के हजारों श्रद्धालु शामिल होंगे। शोभा यात्रा की भव्यता देखते ही बनेगी। जिसमें मनमोहक झांकियां, आकर्षक साज सज्जा, भक्ति की अनोखी छटा देखने को मिलेगी। इस दौरान देश भर से आए कलाकार अपने प्रस्तुतियों से माहौल को भक्ति मय बनाएंगे। हनुमान जन्मोत्सव के कार्यक्रम में पूरे अनूपपुर शहर के लोग विशेष तैयारी कर रहे हैं। 2 अप्रैल को जिले भर के बाजार एवं प्रतिष्ठान बंद रहेंगे। ताकि सभी लोग इस भव्य शोभा यात्रा और कार्यक्रम में सम्मिलित हो सके। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर दिन भर धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रहेगी। प्रातः 9.00 बजे विशेष पूजा, 12.00 बजे से भंडारा, 4.00 से भव्य शोभा यात्रा, बस स्टैंड अनूपपुर में संध्या आरती का आयोजन, राम कथा, हनुमान चालीसा आयोजन की शोभा बढ़ाएंगे। हनुमान जन्मोत्सव के इस तैयारी से जिले में भारी उत्साह देखा जा रहा है। भक्त इस दिन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ताकि वे इस भव्य आयोजन के साक्षी बन सके। अनूपपुर जिले के लिए यह आयोजन धार्मिक और संस्कृत दृष्टि से मिल का पत्थर साबित होगा। शिव मारुति युवा संगठन सामतपुर (अनूपपुर) द्वारा निवेदन किया गया है कि यह जानकारी अनूपपुर तथा आसपास के क्षेत्र तक पहुंचाएं और इस भव्य हनुमान जन्मोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में अपने परिवार, इष्ट मित्रों के साथ इस आयोजन में शामिल हो और हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त करें।





# माहेश्वरी समाज ने महिला दिवस पर आयोजित किया होली मिलन

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

संभाग स्तरीय माहेश्वरी समाज का होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन महिला दिवस पर होटल लेवल वन में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर माहेश्वरी समाज के शहडोल, बुढार, अमलाई, चचाई, धनपुरी, अनूपपुर, जैतहरी के पुरुष, महिलाएं एवं बच्चे काफी संख्या में उपस्थित थे। इस समारोह में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। महिलाओं एवं पुरुष ने जमकर होली सॉन्ग पर डांस किया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा भगवान महेश की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्लन के साथ समाज के वरिष्ठ आदेश खटोड़ ने हनुमान चालीसा के साथ की। होली की पूरी मस्ती के साथ महिला एवं पुरुष सभी ने अपनी-अपनी बातें कही। डांस किया एवं गाना गाकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। साथ ही सभी ने मिलकर काफी मस्ती की जिसका सभी ने भरपूर आनंद उठाया। कार्यक्रम के शुभारंभ में गरमा-गरम नाश्ता की विशेष व्यवस्था की गई थी। तत्पश्चात तमाम तरह के गेम्स का आयोजन किया गया। जिसमें तंबोला आदि गेम खिलाया गया। जिसमें समाज के सभी लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया एवं समाज के वरिष्ठ एमएल मंत्री ने पुरस्कृत लोगों को पुरस्कार प्रदान किया। कार्यक्रम के मध्य में स्नेह भोज का आयोजन किया गया। सभी ने एक दूसरे को होली के त्यौहार की फूलों संग होली खेलते हुए एक दूसरे को गुलाल लगाकर हार्दिक शुभकामनाएं दी। राजस्थानी गीत संध्या बियानी एवं शशि काबरा ने संयुक्त रूप से गाकर शमा ही बांध दी।

## महंगाई की मार झेल रहे आम लोगों के घरेलू बजट पर पड़ गया है अतिरिक्त बोझ

# रसोई गैस सिलेंडर के बढ़े दाम ने उपभोक्ताओं की बढ़ाई चिंता

हरिभूमि न्यूज राजनगर।



अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ईरान में चल रहे तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव का असर अब भारत में भी देखने को मिल रहा है। हाल ही में रसोई गैस के दामों में अचानक वृद्धि ने आम उपभोक्ताओं की चिंता बढ़ा दी है। घरेलू गैस सिलेंडर पर 60 रुपए और कमर्शियल सिलेंडर पर 120 रुपए की बढ़ोतरी कर दी गई है। इस बढ़ोतरी के बाद पहले से ही महंगाई की मार झेल रहे लोगों के घरेलू बजट पर अतिरिक्त बोझ पड़ गया है। इसी बीच अब एजेंसी पहुंचकर बुकिंग करवाने की एक अफवाह ने नागरिकों की परेशानी पर बल बढ़ा दिए। जबकि ऐसा कोई फरमान एजेंसी संचालको ने जारी ही नही किया। यह जरूर है, कि अब उपभोक्ता को दूसरे सिलेंडर की आपूर्ति 30 और 31 दिन के बाद की जाएगी।

### नई व्यवस्था ने लोगों की बढ़ा दी परेशानी

सुबह-सुबह कोयलांचल क्षेत्र राजनगर, डोला, रामनगर में फैली अफवाह के बाद चर्चाओं का दौर शुरू हो गया। उपभोक्ताओं का कहना था कि अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों को देखते हुए कीमतों में कुछ हद तक बढ़ोतरी समझी जा सकती है। लेकिन स्थानीय स्तर पर अपनाई जा रही नई व्यवस्था ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी है। बताया जा रहा है कि अब कई एजेंसियों ने होम डिलीवरी से पहले उपभोक्ताओं को स्वयं एजेंसी पहुंचकर बुकिंग करवाने की शर्त लगा दी है। इसके बाद ही गैस सिलेंडर की आपूर्ति की जाएगी। इस फैसले से उन उपभोक्ताओं की चिंता बढ़ गई है, जो अब तक घर बैठे गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी का लाभ ले रहे थे। अचानक व्यवस्था बदलने से लोगों को अब अपना कामकाज छोड़कर गैस एजेंसियों के चक्कर लगाने पड़ सकते हैं। खासतौर पर बुजुर्गों महिलाओं और दूरदराज क्षेत्रों में रहने वाले उपभोक्ताओं को इससे काफी परेशानी होने की आशंका है।

### आम उपभोक्ताओं का आक्रोश आया सामने

राजनगर मे गैस उपभोक्ताओं ने इस व्यवस्था पर नाराजगी जताते हुए कहा, कि सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी भले ही स्वीकार की जा सकती है। लेकिन पहले से चल रही व्यवस्था को खत्म करना या उसमें अनावश्यक बदलाव करना उचित नहीं है। उपभोक्ताओं का कहना है कि पहले भी कई बार गैस सिलेंडर के दाम बढ़े हैं। लेकिन कभी भी होम डिलीवरी व्यवस्था प्रभावित नहीं हुई। ऐसे में अब अचानक इस तरह की व्यवस्था लागू करना आम जनता को परेशान करने जैसा है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मामले में हस्तक्षेप कर पुरानी व्यवस्था बहाल कराई जाए ताकि उपभोक्ताओं को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

### होम डिलीवरी और बुकिंग पूर्व की तरह ऑनलाइन ही होगी

आम नागरिकों के बीच बने चिंता के इस विषय को लेकर गैस एजेंसी संचालकों ने इसे कोरी अफवाह बताया है। सिलेंडरों की होम डिलीवरी और बुकिंग पूर्व की तरह ऑन लाइन ही होगी। उपभोक्ताओं को इसके लिए एजेंसी आने की जरूरत ही नहीं है। यह जरूर है कि नए नियमो के तहत सिलेंडरों की डिलिवरी अब एक माह तय की गई है। जनरल उपभोक्ताओं को अब सिलेंडर की आपूर्ति 30 दिन तथा उज्वला योजना के हितग्राहियों को 31 दिन में की जाएगी।